डोटेरा टेराशील्ड®

एसेन्शियल ऑयल ब्लैन्ड 15 मिली

dōTERRA | INDIA
प्रोडक्ट की जानकारी

CPTG®

उपयोगिता : A T N
सामग्रियां : तिल,साइट्रोनेला, लेमनग्रास, थाइम, सेडारवुड, जेरानियम,पिपरमिन्ट
एरोमैटिक विवरण : एयरी,फ्रूटी,अर्थी

डोटेरा टेराशील्ड® | *एसेन्शियल ऑयल ब्लैन्ड 15 मिली*
SKU: 60222452

प्राथमिक फ़ायदे

- आजमाए-परखे एसेन्शियल ऑयल ब्लैंड के साथ मच्छरों को दूर रखता है।
- ऊर्जादायक खुशबू जगाता है।
- त्वचा को राहतकारी फ़ायदे दिलाता है।

विवरण

जब भी आप घर के बाहर की गतिविधियों में शामिल हों, डोटेरा टेराशील्ड® परेशान करने वाले कीटों को आपसे दूर रखने में मदद करता है। इस असरदार कुदरती मिश्रण को CPTG® साइट्रोनेला, लेमनग्रास, थाइम, सेडारवुड, जेरानियम और पिपरमेन्ट एसेन्शियल ऑयल्स को तिल तेल बेस में मिलाकर बनाया गया है। इसमें क़ुदरती फ्रेश, वुडी खुशबू है। और इसे त्वचा पर लगाया जाता है। डोटेरा टेराशील्ड मच्छरों को दूर रखता है तथा पूरे परिवार के लिए सौम्य तथा सुरक्षित है। गर्मियों के हर रोमांच के लिए डोटेरा टेराशील्ड® एसेन्शियल ऑयल ब्लैंड के साथ तैयार हो जाइए। यह आउटडोर का एक बेहतरीन साथी है।

इस्तेमाल

- बाहर जाने से पहले पैरों, हाथों और गर्दन पर लगा लें।
- कैम्प के ट्रिप्स या आउटडोर इवेन्ट्स पर इसे अपने साथ ले जाना न भूलें।
- बच्चों के समर कैम्प बैग में इसकी एक बॉटल रखना न भूलें।

निर्देश

ऊपरी इस्तेमाल : घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल होने से पहले इच्छित हिस्सों पर इसे लगाएं। एक बार में हथेलियों में 4-5 बूंदें लेकर उसे लगाएं। शरीर के खुले हिस्सों या कपड़ों पर रिपेलेन्ट को अच्छी तरह लगाएं। आवश्यक हो तो त्वचा के खुले हिस्से पर इसे हाथों से अच्छी तरह लगाएं, जिससे पूरे हिस्से पर यह लग जाए। ज़रूरत के अनुसार प्रत्येक 4 घंटों पर दोबारा लगाएं। बच्चों को इस प्रोडक्ट को हैंडल करने न दें। बच्चों के हाथों पर ना लगाएं। बच्चों पर इसका इस्तेमाल करते समय पहले अपने हाथों पर इसे लगा लें, फिर बच्चों पर लगाएं। कटे-फटे हिस्सों, घावों, जलन या खुजलीदार अथवा झुलसी त्वचा पर इसे न लगाएं। घर लौटने पर उपचारित त्वचा को साबुन और पानी से धो लें। त्वचा में संवेदनशीलता पैदा हो सकती है।

चेहरे पर लगाने के लिए : पहले अपनी हथेलियों में 2-3 बूंदें लें, फिर हल्के-हल्के थपथपाते हुए आंखों को बचाते हुए चेहरे पर लगाएं। सीधे चेहरे पर ना मलें। आंखों और मुंह के आसपास न लगाएं। कानों के पास हल्का सा लगाएं।

सावधानियां

बच्चों की पहुंच से दूर रखें। गर्भवती स्त्री या जिनका कोई इलाज चल रहा हो, डॉक्टर से परामर्श करके ही इस्तेमाल करें। आंखों में हल्की जलन पैदा हो सकती है। इसे आंखों, कानों के अंदर, मुंह तथा संवेदनशील हिस्सों पर लगने से बचाएं। बार-बार या लंबे समय तकत्वचा पर इस्तेमाल करने से कुछ लोगों के मामले में एलर्जीकारी प्रतिक्रियाएं पैदा हो सकती हैं। आंखों में जाने पर, आंखों को खूब पानी से धोएं। अगर त्वचा में जलन पैदा हो तो साबुन और पानी से प्रभावित हिस्सों को अच्छी तरह धोएं। अगर आंखों या त्वचा की जलन कम न हो तो अपने डॉक्टर से परामर्श करें।
अधिक जानकारी के लिए संबंधित लेबल्स देखें।

Application Methods
A Aromatic T Topical I Internal H Home Care

Skin Sensitivity
N Neat D Dilute S Sensitive Skin

All words with trademark or registered trademark symbols are trademarks or registered trademarks of dōTERRA Holdings, LLC ©2015 dōTERRA Holdings, LLC TerraShield® 15mL and 30 mL PIP IN A4 130224